मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-293**
30/04/2026

मुख्यमंत्री ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को शुभकामनायें दी

पटना, 30 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सभी श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता को बढ़ाने में श्रमिकों की मेहनत एवं उनकी ताकत की बड़ी भूमिका रही है और आगे भी रहेगी। श्रमिकों के क्षमतावर्द्धन एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के साथ–साथ सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उन्हें सबल एवं सक्षम बनाने की दिशा में सरकार सतत् प्रयत्नशील है। श्रम एवं श्रमिकों का सम्मान हमारी संस्कृति का अंग है।

******